Title: Need to protect the interest of powerloom/handloom weavers particularly in Bhagalpur, Bihar.

श्री सुबोध राय (भागलपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र भागलपुर तथा बिहार राज्य के पावरलूम-हैंडलूम बुनकरों को विदेशी वस्तुओं पर मात्रात्मक प्रतिबन्ध हटाने के कारण भीाण बेकारी एवं भूखमरी का सामना करना पड़ रहा है। 10 लाख से अधिक बुनकर परिवारों को रोजगार दिलाने वाला पावरलूम-हैंडलूम बंद है। कोरिया, जापान, चीन के रेशमी वस्त्रों एवं धागों के आयात तथा तस्करी के चलते घरेलू उद्योग एवं बाजार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। अतएव केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि घरेलू उद्योगों को बचाने तथा बुनकरों को दयनीय दशा से उबारने हेतु ठोस उपाय किए जाएं।